# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

## Special 20 Questions for Current Affairs 22/07/2019

**Q1.** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के संचालन के लिए किसे राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है?

क. विनोद सोनकर

ख. सांसद हंसराज अहीर

ग. सी टी रवि

घ. राधा मोहन सिंह

पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह को हाल ही में भाजपा संगठनात्मक चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है और साथ ही सांसद

SarkariExam.Com

विनोद सोनकर और हंसराज अहीर और सी टी रवि को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है.

**Q2.** इंडोनेशिया ओपन के फाइनल जापान की अकाने यामागुची से हारकर किस भारतीय खिलाडी ने सिल्वर मेडल जीता है?

क. सानिया मिर्ज़ा

ख. पीवी सिंधु

ग. साइन नेहवाल

घ. अंकिता रैना

भारत की पीवी सिंधु को इंडोनेशिया ओपन के फाइनल जापान की अकाने यामागुची से हारकर सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा. उन्हें जापान की अकाने यामागुची ने 21-15, 21-16 से हराया.

**Q3.** मध्य प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का तबादला करके उन्हें किस राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है?

क. केरल

ख. गुजरात

ग. बिहार

घ. उत्तर प्रदेश

मध्य प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का तबादला करते हुए उन्हें हाल ही में उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है. हाल ही में भारत के कई राज्य के

SarkariExam.com

राज्यपालों का तबादला किया गया है जिसकी जानकारी राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट पर दी गई है.

**Q4.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसे नया श्रम मंत्री नामित किया है?

क. जेम्स केल्विन

ख. कोरि अन्द्रेसन

ग. यूजीन स्कालिया

घ. एंटोनिन स्कालिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दक्षिणपंथी कॉरपोरेट वकील यूजीन स्कालिया को नया श्रम मंत्री नामित किया है. जिस पद पर अलेक्जेंडर अकोस्टा बीते सप्ताह अपने इस्तीफे तक बने हुए थे.

**Q5.** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पाकिस्तान में किसे अपना नया अध्यक्ष और महासचिव चुना है?

क. सरदार सतवंत

ख. सतपाल सिंग

ग. जस्सी सतवंत

घ. सतपाल रंधावा

सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पाकिस्तान में सरदार सतवंत को अपना नया अध्यक्ष और महासचिव चुना है. और अमीर सिंह को महासचिव चुना गया है. अध्यक्ष चुनने के लिए चुनाव 13 सदस्यीय कमेटी ने किया था.

SarkariExam.Com

**Q6.** श्व यूनिवर्सिटी खेलों में भारत की दुती चंद ने कितने मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है?

क. 100 मीटर

ख. 200 मीटर

ग. 300 मीटर

घ. 400 मीटर

विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में भारत की दुती चंद ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है वे इन खेलों में अव्वल रहने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बन गई हैं.

**Q7.** राष्ट्रपति ने हाल ही में भारत के कितने राज्यों के राज्यपाल में फेरबदल किये है?

क. 3 राज्यों

ख. 6 राज्यों

ग. 9 राज्यों

घ. 12 राज्यों

राष्ट्रपति ने हाल ही में भारत के 6 राज्यों के राज्यपाल में फेरबदल किये है. बिहार के राज्यपाल लाल जी टंडन को मध्य प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त किया है और फागू चौहान को बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया है. आर एन रवि को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया है.

SarkariExam.com

**Q8.** भारत के शिव थापा कजाकिस्तान के प्रेजिडेंट कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले _____ भारतीय बन गए है?

क. पहले

ख. दुसरे

ग. तीसरे

घ. चौथे

भारत के शिव थापा कजाकिस्तान के अस्ताना में प्रेजिडेंट कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए है. उन्होंने 63 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है. फाइनल मुकाबले में उनके प्रतिद्वंद्वी जाकिर सफिउल्लिन चोट के कारण रिंग में नहीं उतरे थे

**Q9.** 30 जून 2019 को समाप्त तिमाही में किस बैंक का शुद्ध मुनाफा 45 फीसद से अधिक बढ़कर 701 करोड़ रुपये हो गया है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

ग. बंधन बैंक

घ. केनरा बैंक

30 जून 2019 को समाप्त तिमाही में बंधन बैंक का शुद्ध मुनाफा 45 फीसद से अधिक बढ़कर 701 करोड़ रुपये हो गया है. पिछले वित्त वर्ष की बंधन बैंक को इसी तिमाही में 482 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था.

SarkariExam.Com

**Q10.** भारत के इतिहास में पहली बार किस राज्य की विधानसभा की कार्यवाही रविवार को हुई?

क. दिल्ली विधानसभा

ख. पंजाब विधानसभा

ग. मध्य प्रदेश विधानसभा

घ. केरल विधानसभा

भारत के इतिहास में पहली बार किसी विधानसभा की कार्यवाही रविवार को हुई. हाल ही में मध्य प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही रविवार को हुई. शनिवार को देर रात लगभग पौने ग्यारह बजे मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद रविवार को हुई

**Q11.** रिलायंस ब्रांड्स ने खिलौनों का खुदरा करोबार करने वाली कंपनी हैमलेज का करीब कितने करोड़ रुपए में अधिग्रहण पूरा कर लिया है?

क. 420 करोड़ रुपए

ख. 530 करोड़ रुपए

ग. 620 करोड़ रुपए

घ. 750 करोड़ रुपए

रिलायंस इंडस्ट्रीज की अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स ने हाल ही में खिलौनों का खुदरा करोबार करने वाली कंपनी हैमलेज का करीब 620 करोड़ रुपए (6.79 करोड़ पौंड) में अधिग्रहण पूरा कर लिया है. हैमलेज कंपनी की शुरुआत वर्ष 1760 में हुई थी.

SarkariExam.Com

**Q12.** नोवे मेस्टो नाड मेटुजी ग्रां प्री में 400 मीटर हर्डल्स में किस पुरूष खिलाडी ने गोल्ड मेडल जीता है?

क. एमपी जाबिर

ख. मोहम्मद अनस

ग. निर्मल टॉम

घ. संजय वर्मा

नोवे मेस्टो नाड मेटुजी ग्रां प्री में 400 मीटर हर्डल्स में एमपी जाबिर ने गोल्ड मेडल जीता है. साथ ही भारत के मोहम्मद अनस ने ब्रॉन्ज और निर्मल टॉम ने सिल्वर जीता.

Q13. कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शीला दीक्षित का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 70 वर्ष

ख. 75 वर्ष

ग. 81 वर्ष

घ. 92 वर्ष

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता शीला दीक्षित का हाल ही में 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है वे तीन बार मुख्मंत्री रही शीला दीक्षित का दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल में तबीयत बिगड़ने पर निधन हो गया है

SarkariExam.Com

**Q14.** नोवे मेस्टो नाड मेटुजी ग्रां प्री में भारत की हिमा दास ने कितने मीटर की रेस एक और गोल्ड जीता है?

क. 200 मीटर

ख. 400 मीटर

ग. 600 मीटर

घ. 800 मीटर

नोवे मेस्टो नाड मेटुजी ग्रां प्री में भारत की हिमा दास ने 400 मीटर की रेस एक और गोल्ड जीता है. उन्होंने 20वे दिन 5वां गोल्ड मेडल जीता है. उन्होंने यह रेस 52.09 सेकंड में पूरी की. साथ ही हिमा दास ने इस दौड़ को अपने दूसरे सर्वश्रेष्ठ समय में पूरा किया है.

**Q15.** ब्रिटिश ट्रस्ट ऑर्निथोलॉजी की रिपोर्ट के मुतबिक किस देश में 24 वर्ष में गौरेया की संख्या 71% तक घटी है?

क. ईरान

ख. चीन

ग. ब्रिटेन

घ. रूस

ब्रिटिश ट्रस्ट ऑर्निथोलॉजी और लंदन जूलॉजिकल सोसाइटी की रिपोर्ट के मुतबिक ब्रिटेन में 24 वर्ष में गौरेया की संख्या 71% तक घटी है और दुनिया में चिड़ियों को भी मलेरिया रोग हो रहा है.

SarkariExam.Com

**Q16.** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित जूनियर कॉमनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के कल्याण सिंह ने कौन सा मेडल जीता है?

क गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. इनमे से कोई नहीं

ऑस्ट्रेलिया के सुमोहा शहर में आयोजित जूनियर कॉमनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के कल्याण सिंह ने सिल्वर मेडल जीता है. साथ ही उन्होंने वर्ष 2017 के हिमाचल ओलंपिक में सिल्वर और वर्ष 2018 की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गोल्ड और ब्रोंज मेडल जीता था

**Q17.** विश्व कप ख़राब प्रदर्शन के बाद खेल मंत्री ने किस राष्ट्रीय टीम के कोच को निलंबित करने का आदेश दिया है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ग. भारत क्रिकेट टीम

घ. श्री लंका क्रिकेट टीम

वर्ल्ड कप में टीम के ख़राब प्रदर्शन के बाद खेल मंत्री ने श्री लंका क्रिकेट टीम कोच को निलंबित करने का आदेश दिया है. वर्ल्ड कप में श्री लंका टीम नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज कर पायी थी. कोच चंद्रिका हथुरूसिंघा को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के बाद हटा दिया जाएगा.

SarkariExam.com

**Q18.** अप्रैल-जून तिमाही में किस बैंक को 5,568.2 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. यस बैंक

ग. केनरा बैंक

घ. एचडीएफसी बैंक

एचडीएफसी बैंक को अप्रैल-जून तिमाही में किस बैंक को 5,568.2 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है. जबकि पिछले वर्ष बैंक को जून तिमाही के 4,601.44 करोड़ रुपए के प्रॉफिट से 21% ज्यादा मुनाफा हुआ है.

**Q19.** निम्न में से किस क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर सोलोमन मिरे ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है?

क. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ख. होन्ग-कोंग क्रिकेट टीम

ग. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

घ. जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम

हाल ही में इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सरकारी हस्तक्षेप के बाद जिम्बाब्वे को निलंबित कर दिया है साथ ही जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर सोलोमन मिरे ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने की भी घोषणा की है.

SarkariExam.com

**Q20.** पूर्व दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मांगे राम गर्ग का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 70 वर्ष

ख. 78 वर्ष

ग. 83 वर्ष

घ. 88 वर्ष

पूर्व दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मांगे राम गर्ग का हाल ही में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. उनका राजधानी के एक्शन बालाजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था. दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है.

SarkariExam.Com